पहले पेज से आगे

रेल-कॉरीडोर मांगा रमन ने

मुख्यमंत्री ने रेलमंत्री को बताया कि 6 माह की मेहनत के बाद इस औद्योगिक कॉरीडोर का प्रस्ताव तैयार करवाया गया है। उन्होंने कहा कि कॉरीडोर के निर्माण से छत्तीसगढ़ से रेल्वे की आमदनी अभी जो 20 प्रतिशत है वह बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगी। रेलमंत्री दिनेश त्रिवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आने से पूर्व उनके पास भी 4-5 दिनों से फोन आ रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह यहां के लोगों ने उन पर भरोसा किया है उससे उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। वे छत्तीसगढ़ में बहुत कुछ करना चाहते हैं। यहां से रेल्वे को काफी आमदनी होती है। उन्होंने क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने का भरोसा भी दिलाया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि औद्योगिक कॉरीडोर के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन दोनों तरह की योजनाएं बनाई जा सकती हैं। वे इस प्रस्ताव पर और विचार करेंगे।

मंत्रालय में श्री त्रिवेदी के साथ बैठक में राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य अमर अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, विक्रम उसेंडी, केदार कश्यप, चंद्रशेखर साहू, रामविचार नेताम, राजेश मूणत के अलावा केन्द्रीय मंत्री चरणदास महंत, सांसद रमेश बैस, मोतीलाल वोरा, नंदकुमार साय, चंदूलाल साहू आदि भी उपस्थित थे।

कर्नाटक सदन में पोर्न देखते

कर्नाटक सेक्स-वीडियो कांड पर ट्विटर... पेज-13 पर

कांग्रेस के नैतिकता संबंधी आरोपों के अलावा विधान परिषद में मोबाइल ले जाने की इजाजत ही नहीं है, और पोर्न देखना गैर कानूनी है।

उधर, आरोपी मंत्रियों में से एक लक्ष्मण सावदी ने पत्रवार्ता बुलाकर आरोपों से इंकार किया। उन्होंने कहा कि सामग्री देखने के लिए उन्होंने जिस फोन का इस्तेमाल किया वह उनका नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्होंने चार लोगों द्वारा एक विदेशी को छेड़ते हुए दिखती विडीयो क्लिप देखी। उन्होंने कहा- मैं अपराधी नहीं हूं।

अब विपक्ष के हंगामे के बाद खबर है कि उत्तर प्रदेश चुनावों में व्यस्त भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सदानंद गौड़ा और पार्टी अध्यक्ष के एस ईश्वरैया से बात कर मामले की पूरी जानकारी मांगी है। इस्तीफे के बाद हो सकता है आज आरोपी दोनों मंत्रियों को विधान परिषद से भी निलंबित भी कर दिया जाए। मंगलवार रात लक्ष्मण सावदी के घर पर कुछ प्रदर्शनकारियों ने पत्थर फेंके पुलिस प्रदर्शनकारियों को पकड़कर ले गई।

मोदी दंगों में जले-टूटे धर्मस्थल बनवाएं-हाईकोर्ट

पीड़ित पक्ष इस संबंध में निचली अदालत में दो महीने के भीतर एक याचिका दाखिल करे और जिस पर 6 महीने की सुनवाई को बाद कोर्ट मामले को हाईकोर्ट के पास भेजेगा। राज्य सरकार को इन अर्जियों पर कार्रवाई करनी होगी। कोर्ट ने आदेश में कहा कि धार्मिक स्थलों की नुकसान की भरपाई सरकार को करनी होगी।कोर्ट ने कहा कि सोची समझी साजिश के तहत धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया गया।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट के सामने दंगे के दौरान क्षति पहुंचे 572 धार्मिक स्थलों की सूची रखी थी। पीड़ित पक्ष के वकील एमटीएम हकीम ने बताया कि कोर्ट ने ये कहा कि पीड़ित लोग जिला अदालत में याचिका दाखिल करें और 6 महीने की सुनवाई के बाद निचली अदालत मामले पर निर्णय लेगी और हाईकोर्ट को भेजेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने कोर्ट में कहा था कि राज्य में धर्म के आधार पर मुआवजा देने की कोई व्यवस्था नहीं है।

चिदंबरम के बेटे-बहू

हॉस्पिटल टेलिकाम क्षेत्र में व्यावसायिक अवसर तलाश कर निवेश क्यों करता है? मेडिकल और व्यापारिक हलकों में फैली खबरों के मुताबिक एयरसेल में अपोलो का निवेश एक तरह की रिश्वत है। अपोलो में डॉक्टर स्तर की तरह काम करती श्रिनीति चिदम्बरम चिदम्बरम के बेटे कार्तिक की पत्नी है। सूत्रों का कहना है कि अपनी बहू के जरिये चिदंबरम को प्रमोटरों के कोटा से शेयर उनकी बहू के नाम पर दिए गए थे - बदले में चिदंबरम ने रेड्डियों को एयरसेल दे दिया। सीबीआई के हलकों में यह सुगबुगाहट भी है कि जिस समय दयानिधि और कलानिधि मारन के निवास स्थानों पर छापे मारे गए थे, सीबीआई अफसरों का एक दल नंगमबक्कम के पॉश इलाके में बने सुनीता रेड्डी के घर मौजूद था। लेकिन ना तो सीबीआई ने सुनीता रेड्डी के घर इस दल की मौजूदगी की आधिकारिक रूप से पुष्टि की, ना ही अपोलो अस्पताल ने। सीबीआई के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह अधिकारी वहां यह सुनिश्चित करने के लिए खड़े थे कि किसी भी रूप में श्रिनीति का नाम जांच में न आने पाए।

तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों में इस आशय की खबरें आम हैं कि दबंग मारनो को इस सौदे की खबर है। और उन्होंने साफ कर दिया है कि सीबीआई एक इंच भी उनकी तरफ बढ़ी तो वह चिदंबरम की बलि ले लेंगे। मारन भाइयों के खिलाफ मामला चलाने में सीबीआई के ढीलेपन का कारण यही बताया जा रहा है।

चिदम्बरम और अपोलो अस्पताल के गहरे आपसी संबंधों का पता अस्पताल श्रृंखला द्वारा चिदम्बरम के गृह नगर उनीन्दे से कस्बे करईकुदि में 110 बिस्तरों वाला अस्पताल बनवाने से चलता है। मेडिकल हलकों में फैली खबरों के मुताबिक यह प्रोजेक्ट चिदम्बरम की बहू को 2009 में अपोलो अस्पताल के शेयर आबंटित करने के बाद किया गया। करईकुदी अस्पताल का उद्घाटन किसी और ने नहीं, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 27 दिसम्बर 2011 को चिदम्बरम की मौजूदगी में किया था। एक देश के प्रधानमंत्री को एक उनीन्दे से कस्बे में अस्पताल खोलने की क्या जरूरत थी? सूत्रों का कहना है कि मारन बंधुओं को एयरसेल के मालिक शिवशंकरन को मजबूर करने के एवज में अनंतकृष्णन ने करोड़ों रुपए रिश्वत दी, लेकिन चिदम्बरम को उनकी बहू के नाम पर शेयरों के रूप में रिश्वत अनियमितताओं की तरफ से आंखे मूंदने के लिए दी गई। तब के नियमों के मुताबिक टेलिकाम क्षेत्र में 74 फीसदी से ज्यादा सीधा विदेशी निवेश मान्य नहीं था, लेकिन मलेशियाई स्टॉक एक्स्चेंज में लिस्ट की हुई मैक्सिस ने मार्च 2006 में कहा कि 74 फीसदी की जगह एयरसेल में उसकी हिस्सेदारी 99.3 फीसदी थी।

दिल्ली के हलकों में गर्म खबरों के मुताबिक आरएसएस के लोग चिदंबरम के बेटे कार्तिक चिदंबरम द्वारा पिता के वित्त मंत्री रहते हुए किए गए अंदरूनी व्यापार की गहराई से छानबीन कर रहे हैं। चिदु पुत्र कार्तिक चिदंबरम के तेजी से बढ़ते वासन आई केयर में हिस्सेदारी पर भी नजर रखी जा रही है। अस्पतालों की यह श्रृंखला तेजी से बढ़ी है। चिदंबरम वासन आई केयर से हमेशा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने वासन आई केयर के 25 वे और 100 वे अस्पताल का उद्घाटन किया था चेन्नई में 2008 में प्रवेश करने वाले वासन समूह के अस्पतालों की अकेली चेन्नई में 15 शाखाएं हैं।

सूत्रों का कहना है कि अपने दफ्तर की जासूसी के मुद्दे पर चिदंबरम से खार खाए बैठे प्रणब मुखर्जी भी इस मौके पर अपना हिसाब चुकता करने के मूड में हैं।

आखिरी पेज से आगे

सिद्दिकी को उप्र लोकायुक्त नोटिस

जाने की बात तय हुई थी, मगर बाद में यह लाइसेंस चीनी संघ के साथ साझे में ब्लू वाटर प्राइवेट लिमिटेड को दे दिया गया।

लोकायुक्त ने बताया कि इस प्रकरण में मंत्रिपरिषद के निर्णय के आधार पर बनायी गयी आबकारी नीति के उल्लंघन का आरोप प्रथम दृष्टया सही पाया गया है और मामला दर्ज करके नसीमुद्दीन से 19 फरवरी तक अपना पक्ष रखने की नोटिस भेज दी गयी है और इस संबंध में मुख्यमंत्री मायावती को भी सूचित कर दिया गया है।

वयस्क बच्चे मां-बाप

लेकिन वह खुद को अपने माता-पिता पर थोप नहीं सकती।

अदालत ने कश्मीरा रॉबर्ट लोबो उर्फ कश्मीरा सोली बाटलीवाला की यह दलील खारिज कर दी कि उसे दादर पारसी कॉलॉनी फ्लैट में एक किराएदार के रूप मे मान्यता मिलनी चाहिए, क्योंकि फ्लैट मूलत: उसकी दादी के नाम था।

जज ने कहा कि चूंकि उनके पिता सोली बहादुरजी बाटलीवाला जीवित हैं वही उस फ्लैट के वारिस हैं, और उनके निधन के बाद ही उनकी बेटी का स्वामित्व उस फ्लैट पर प्रभावशील होगा। जज ने कहा -जब किरायेदार(दादी) अपनी मौत के समय अपने बच्चों के साथ रह रही थी, तो उसके पोते-पोतियां उसके परिवार के सदस्य नहीं कहे जा सकते, और किरायेदरी का हक पोते-पोतियों को स्थानांतर नहीं किया जा सकता।

विवाद में पड़ा फ्लैट पारसी कॉलोनी , दादर पूर्व में स्थित है। फ्लैट पारसी सेंट्रल एसोसिएशन कोऑपरेटिव हाऊसिंग सोसाईटी लि. का है और बाटलीवाला की मां उसकी मूल किराएदार थी। 1080 में उनके निधन के बाद उनके बेटे उनकी जगह किराएदार बन गए। बाटलीवाला की बेटी की 1998 में शादी हुई और वह अपने पति के साथ रहने चली गई। पिछले साल बाटलीवाल ने शहर की दीवानी अदालत जा कर अपनी बेटी और उसके पति के खिलाफ स्थगन मांगा।

उन्होंने अदालत से दर्खास्त की कि उनकी बेटी और दामाद को उनकी मालिकाना सम्पत्ति में दखल देने से रोका जाए ,और उन्हें पारसी कॉलोनी फ्लैट में घुसने और वहां रहने से रोका जाए। कश्मीरा ने इस पर ऐतराज़ करते हुए कहा कि उसकी दादी की सम्पत्ति में वह स्वाभाविक किराएदार है, और यह मामला किराएदारी के विवाद सुलझाने वाली, छोटे मामलों की अदालत को भेजा जाए। दीवानी अदालत ने उसकी दलील खारिज कर दी जिसके बाद मामला सुनवाई के लिए हाईकोर्ट में गया।

जस्टिस भाटिया ने कहा कि कश्मीरा की दादी की मौत के बाद उसके पिता, दादी के बेटे के तौर पर किराएदर समझे जाएंगे। उन्होंने कहा- उनके निधन के समय उनके बेटे की बेटी, जो उस समय महज चार वर्ष की छोटी वय की थी, अपनी दादी की मौत के आधार पर किराएदार नहीं मानी जा सकती। अपने माता-पिता की मौत के बाद उनकी संपत्ति में उसके कुछ अधिकार हो सकते हैं, लेकिन उनके जीते जी उनकी सम्पत्ति पर वह कोई दावा पेश नहीं कर सकती। अदालत ने आदेश पर स्थगन देने से इंकार कर दिया।

कान फाड़ दिए

इन धाराओं में अनुसूचित जाति/ जनजाति की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा भी शामिल है। स्थानीय पत्रकार राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि दलित समाज के लोग इस घटना को लेकर काफी आहत हैं और दोषी पुलिस वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि पुलिस अधीक्षक प्रमोद वर्मा दलित समाज की नाराजगी से इनकार करते हैं। दलितों पर अत्याचार का यह पहला आरोप नहीं है। क्या कारण है कि ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं?

दलितों के मामलों पर नजर रखने वाले करनाल के डॉ. रणबीर सिंह कहते हैं, दलितों पर अत्याचार बढ़ने का कारण है कि उंची जाति के लोग इसे बर्दाश्त नहीं कर पाते कि दलित या अनुसूचित जनजाति के लोग भी अच्छी जिंदगी बिता रहे है और सारा गुस्सा उन पर निकालते हैं। उनका कहना है, आर्थिक विकास तो हुआ है लेकिन सांस्कृतिक विकास नहीं हुआ है। कुछ महीने पहले संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह कहा गया था कि भारत में दलितों की स्थित काफी खराब है और यहाँ हर 18 वें मिनट में कोई न कोई दलित अत्याचार का शिकार होता है।

सायना

नेहवाल अपने भोजन में वसा, कैल्शियम, कॉर्बोहाइड्रेट और प्रोटीन को लेकर बेहद सतर्क रहती हैं। रविवार के अलावा बाकी किसी भी दिन वह बाहर खाना खाने से बचती हैं। कोशिश यही होती है कि खेल की चिंता कम करते हुए ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल खाए जाएं।

दवाएं लेने से सायना को सख्त नफरत है। कई बार तो वह बीमार होने पर भी दवाएं खाने से बचती रहती हैं। स्कूल खेलों के दौरान कई बार वह स्थानीय होटलों, ढाबों तक में जाकर खाना खा लेती हैं। इसमें आमतौर पर मिल्क शेक, बटर, पनीर और दही खाना पसंद करती हैं।

सायना का कहना है कि उनकी कोशिश यही होती है कि खेलते या अभ्यास करते समय अपना शत-प्रतिशत दें। बाकी काम वह भगवान की मर्जी पर छोड़ देती हैं। बिना पूरी मेहनत किए कुछ हासिल करने की इच्छा उनकी कभी नहीं थी। उनको अपनी क्षमता और काबिलियत पर पूरा भरोसा है। चीनी खिलाड़ियों के अलावा किसी खिलाड़ी से नहीं डरतीं। इस समय वह दुनिया की नंबर चार की खिलाड़ी हैं। उनके पहले की तीन और बाद की दो खिलाड़ी, सभी चीनी हैं।

अंक जाल - 1977

	25	20	24		28	16	16	11	
16	7		6		4		5		18
18		2				8		5	25
13	3		2		7		4		16
32		7		3					
					5		5		21
22		9		3		5		2	13
18	5		3				8		23
23		8		4		6		7	21
	18	23	11	16		20	27	24	

खाली जगहों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर बाएं से दाएं व ऊपर से नीचे जोड़ें, उत्तर मटमैले रंग में दिया गया है। चारों कोनों में दी गई संख्या की जोड़ दोनों ओर से एक समान होनी चाहिए।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

सुडोकू - 2167 (Medium)

		3		9	8			
5		2						6
						5		
9				3			2	
	7		9		6		1	
	6			7				4
		5						
7						1		3
			3	2		9		

इस पहेली की खाली जगहों में एक से नौ के बीच के अंक भरे जाने हैं। किसी भी आड़ी या खड़ी पंक्ति में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है 3-3 के प्रत्येक ब्लाक दिए गए हैं। किसी ब्लाक में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

मिनी सुडोकू - 1038

		5			
1		6			
6				3	
	3				4
			3		2
			1		

इस पहेली की खाली जगहों में एक से 6 के बीच के अंक भरे जाने हैं। किसी भी आड़ी या खड़ी पंक्ति में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है किसी ब्लाक में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

मोटर सायकल चोर पकड़ाए

14 मोटर सायकिलें जब्त

छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाईनगर, 8 फरवरी। भिलाई क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर मोटर सायकिल चोर को बालाघाट से गिरफ्तार किया है। इसके पास से दुर्ग-भिलाई क्षेत्र से चुराई 14 मोटर साइकिलें जब्त की गई हैं। जिनकी अनुमानित कीमत 6 लाख रुपए बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर भिलाई क्राइम ब्रांच की टीम ने गणेशपुर बालाघाट निवासी ओमप्रकाश कत्रे को बालाघाट से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इसके पास से 6 लाख रुपए मूल्य की कुल 14 मोटर साइकिलें जब्त की गई हैं। क्राइम ब्रांच भिलाई से मिली जानकारी के अनुसार ओम प्रकाश पिछले कुछ वर्षों से दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में सक्रिय था और मोटर साइकिलों की चोरी को अंजाम दे रहा था। वह यहां से मोटरस साइकिल चोरी कर बालाघाट में अपने रिश्तेदारों व अन्य को बेच देता था। ओमप्रकाश की निशानदेही पर भिलाई क्राइम ब्रांच ने बालाघाट क्षेत्र के सौरथ पटले, गुजर मिंडावे, आनंद भारद्वाज, सागर पटेल, बाली मेश्राम और आशुतोष को भी नामजद अपराधी दर्ज किया है। आगे कार्रवाई जारी है।

दृष्टि दोष जांच 13-14 को

कोरबा, 8 फरवरी। जिले की प्राथमिक शालाओं में बच्चों के दृष्टि दोष जांच शिविर 13 और 14 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। सर्व शिक्षा अभियान राजीव गांधी शिक्षा मिशन की ओर से शाला स्तर पर 6-14 आयु वर्ग के बच्चों का दृष्टि दोष परीक्षण एक अभियान की तरह स्वास्थ्य विभाग एवं साईट सेवर के सहयोग से 6 फरवरी को रायपुर के पुजारी पार्क में जिले के प्रत्येक विकासखंड से समावेशी शिक्षा में कार्य कर रहे स्त्रोत शिक्षक, शिक्षक को राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर 9 फरवरी को जिले के प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र सहायक एवं रायपुर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा विकासखंड के प्रत्येक संकुल के एक जन शिक्षक एवं एक शिक्षक को एक दिवसीय दृष्टि दोष प्रशिक्षण एवं परीक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के परियोजना समन्वयक डीके कौशिक ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने संकुल केंद्रों में 11 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से 4.30 बजे तक आवश्यक सामाग्री के साथ संकुल केंद्रों के अन्तर्गत आने वाले समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के एक-एक शिक्षकों को दक दिवसीय प्रशिक्षण एवं परीक्षण की जानकारी प्रदान करेंगे तत्पश्चात संकुल केंद्रों से परीक्षण एवं प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में 13 व 14 फरवरी को विद्यालयीन समय पर प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त सामग्री की सहायता से विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं में दृष्टि दोष की जांच आई- ई चार्ट के माध्यम से माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं का एवं अपने पूर्व अनुभव, आई ई चार्ट के द्वारा प्राथमिक शालाओं के बच्चों का परीक्षण व जांच कर दृष्टि दोष से पीड़ित बच्चों को चिन्हांकित कर सूची निर्धारित की।

गणित का चौराहा -1897

	-		+		4
+		+		×	
	+		/		9
×		×		-	
	+		+		20
45		73		3	

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

खाली जगहों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर समीकरण को पूरा करें। किसी भी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है। प्रत्येक आड़ी या खड़ी पंक्ति एक गणित समीकरण है। याद रहे कि गुणा और भाग पहले करना है, जोड़ व घटाना बाद में।

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

Name, Fame and Game-2084

आज हम दे रहे हैं माला सिन्हा की फिल्मों के नाम जो अंग्रेजी अक्षरों की इस भीड़ में आपको ढूंढना है। नाम के हिज्जे अंग्रेजी में हैं और ये दाएं से बाएं, बाएं से दाएं, ऊपर से नीचे, नीचे से ऊपर या तिरछे- किसी भी दिशा में हो सकते हैं। उत्तर आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर। इन नामों की फेहरिस्त लंबा होने से हम इन्हें किस्तों में ले रहे हैं।

N

B	V	A	C	C	N	W	H	C	W	A	D	B	D	U	K	N	T
D	A	V	P	P	M	A	D	I	H	H	Z	I	G	J	I	I	Y
P	L	H	V	N	A	Z	T	F	A	K	L	X	E	R	B	G	E
E	A	J	U	R	E	E	U	R	Q	T	E	U	V	Z	X	H	H
R	N	T	M	R	B	H	A	M	E	A	N	N	A	M	A	T	Y
I	O	U	A	U	A	M	U	R	A	N	P	A	D	H	Z	I	E
L	G	H	H	N	P	N	A	Y	L	A	A	J	N	Z	R	N	Y
O	P	A	C	U	G	D	I	A	E	J	D	Z	A	S	X	L	R
H	B	Y	T	A	I	L	O	O	H	P	E	K	A	J	O	O	P
C	A	R	A	W	K	W	I	U	L	B	A	D	S	W	Y	N	N
I	A	Z	A	R	C	Y	J	N	M	A	I	R	R	W	F	D	E
M	X	N	N	Y	K	A	A	E	H	L	L	O	A	M	P	O	E
H	A	A	K	Q	L	A	E	B	L	S	O	E	A	Y	J	N	L
K	Q	G	H	A	W	R	S	A	M	D	O	S	R	Y	E	H	A
N	G	A	E	S	W	D	G	A	N	O	D	R	J	E	A	U	A
A	A	H	N	A	T	I	Q	I	P	M	B	M	I	C	M	M	K
A	A	U	U	W	B	M	S	L	Q	N	Y	M	V	A	N	I	A
N	D	S	M	Q	B	G	B	T	I	P	A	X	C	Z	N	B	A
H	A	R	I	Y	A	L	I	A	U	R	R	A	S	T	A	U	S
C	R	H	O	H	L	O	V	E	M	A	R	R	I	A	G	E	H
F	H	C	U	S	C	M	A	N	A	A	Y	I	L	A	K	O	D
E	E	S	J	A	H	A	N	A	R	A	E	A	H	A	C	B	A
G	G	G	K	U	V	X	K	F	Q	X	M	W	D	A	O	W	V
C	X	C	O	Z	I	B	H	D	H	A	Y	Y	U	B	T	C	V

W E

S

AANKHEN
AANKHMICHOLI
AASRA
ANPADH
APNEHUYEPARAYE
BAHUBETI
BAHURANI
BOMBAYKACHOR
DHARAMPUTRA
DILLAGI
DILTERADIWANA
DOKALIYAAN
GEHRADAAG
GUMRAAH
HARIYALIAURRASTA
JAAL
JAHANARA
LOVEMARRIAGE
MAYA
MERELAL
NAIROSHNI
NEELAAKAASH
NIGHTINLONDON
PATANG
POOJAKEPHOOL
PYARKASAPNA
SUHAGAN
SUHAGSINDOOR
TAMANNA
UJALA

छत्तीसगढ़ शब्द पहेली क्रमांक-2137

■	■	■	1	2		3	■	4	
5			■		■		■		■
	■	■	■		■	6	7		
	■	■	8			■		■	■
■	9	10	■	■	■	11		12	■
13	■		■	14					■
	■	15	16		■	17		■	18
19	20	■		■	■	■	■	21	
■	22	23	■	24	25		26		■
■	27					■	28		

(उत्तर आज के ही अंक में किसी पृष्ठ पर)

संकेत :-

बाएं से दाएं :-

1. सितारों की चाल जिससे जीवनवृत्ति प्रभावित होती है
4. साग, सब्जी
5. प्रतिदिन की आय रखने की थैली, छोटी बचत करने का पात्र
6. विवाद, हुज्जत
8. पास आने के लिए आवाज देना
9. वचन, बात वाणी
11. स्नेह, लाड़
14. इस अभिनेता का हाल ही में निधन हुआ है
15. मौजूद, उपस्थित
17. अर्थ, आशय, मतलब
19. नस, नाड़ी
21. भला, ठीक, उत्तम
22. भीड़
24. अपने ही देश का
27. जबरन, बलात
28. किसी काम का विलंबित होना।

ऊपर से नीचे:-

2. हाथ से फेंककर वार करने वाला विस्फोटक
3. मुसीबत, परेशानी
4. कवित्री
5. कारीगर का समकोण मापने का यंत्र
7. शपथ लेना
10. निठल्ला, जिसके पास कोई काम न हो
11. तमाशाई, लोगों की वह भीड़ जो किसी घटना-दुर्घटना को देखने जुटी हो
12. खिंचाव
13. पीपल और बढ़ प्रजाति का एक पेड़
14. पुन:
16. बलात्कार
18. कपड़ा, अंगोछा, गमछा
20. स्वार्थ आशय
21. आग
23. रात, निशा
24. मर्यादा सीमा
25. मौज, मजा
26. मूल किनारा।